<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

हिन्दुस्तान कॉलेज के छात्रों ने जीता नेशनल चैम्पीयनशिप में स्वर्ण एवं रजत पदक

अमन सिंह, फैसल सिद्‌दकी ने 13वीं नेशनल चैम्पियनशिप पूणे में स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किये

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज आफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के छात्र मोहम्मद फैजल सिद्धकी, तृतीय वर्ष और अमन सिंह, तृतीय वर्ष मकैनिकल ब्रांच के दो छात्रों ने 13वीं नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में स्वर्ण एवं रतज पदक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है तथा ताइक्वांडो संघ द्वारा छात्रों को स्वर्ण पदक व विजेता ट्रॉफी भी प्रदान की गयी।

संस्थान में शारदा ताइक्वांडो एसोशियेशन डॉ. हरेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन तथा श्री सुमित पांचाल के प्रशिक्षण में चल रहा है। श्री हरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता ताइक्वांडो बोर्ड ऑफ इण्डिया द्वारा हर साल देश के विभिन्न विभिन्न राज्यों में कराई जाती है। प्रत्येक वर्ष हमारे संस्थान के छात्र स्पर्ण पदक प्राप्त करते हैं। इस बार यह महाराष्ट्र के पूणे शहर में आयोजित की गयी थी। जिसमें छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण अपने नाम किया। श्री हरेन्द्र सिंह ने सभी विजेता छात्रों को बधाई और बहुत–बहुत शुभकामनऐं दी।

संस्थान के निदेशक ने विजयी छात्रों से मिलकर उन्हें बधाई दी तथा इसी प्रकार भविष्य में भी संस्थान का नाम रोशन करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों छात्र संस्थान में चल रहे शारदा ताइक्वांडो संघ के सदस्य भी हैं। यह संस्थान के लिए बड़े गौरव का विषय gA

संस्थान के अधिशासी निदेशक ने छात्रों की इस कामयावी पर हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि वर्तमान युग में पढ़ाई के साथ साथ दूसरे क्षेत्रों में भी प्रतिभाग करना आवश्यक है। हमारे संस्थान में छात्रों को तकनीकी शिक्षा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग किया जाता है जिसके फलस्वरुप छात्र दिमागी तौर पर सशक्त तो होते ही हैं शारीरिक तौर पर भी मजबूत होते हैं।

इस अवसर पर संस्थान के समस्त शिक्षकों ने इन विजयी छात्रों को बधाई दी तथा हर्ष व्यक्त करते नजर आये।